लोक सभा अध्यक्ष ने वैसाखी/विशु/ मेशादी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली; 13 अप्रैल, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने वैसाखी/विशु/ मेशादी पर्व की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा कि:

वैसाखी/विशु/ मेशादी सभी पर्व भारतीय संस्कृति के प्रमुख त्योहार हैं। हमारे अन्नदाता किसानों के लिए वैसाखी के त्योहार का विशेष महत्व है। इस दिन हम नई फसल की खुशी मनाते हैं और उत्साह और उमंग के साथ प्रकृति और पृथ्वी को धन्यवाद देते हैं। यह सभी त्योहार हमें मिल-जुलकर साथ रहने और सामूहिकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इन त्योहारों के साथ हमारी पौराणिक और सामाजिक मान्यताएं भी जुड़ी हैं।

श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने एक ऐसी देशभक्त कौम की रचना की जिसका इतिहास मातृ भूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए कुर्बानियों से भरा है। आज के दिन हम श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को भी नमन करते हैं। देश में कई जगह इसे नए साल की तरह भी मनाया जाता है। शुभ कार्यों की शुरुआत के लिए इस दिन का बड़ा महत्व है।

आज के दिन हमारा एक ही संकल्प होना चाहिए कि सभी खुशहाल रहे। एकता और भाईचारे की भावना के साथ सभी देशवासी आगे बढ़ें, एक दूसरे का सहयोग करें। इसी संदेश के साथ एक बार फिर आप सभी को वैसाखी/विशु/मासादि की बहुत बहुत शुभकामनाएं। धन्यवाद।